भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
मौखिक प्रश्न सं. †*359
सोमवार, 18 अगस्त, 2025/27 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**तेलंगाना में पारिस्थितिकी-पर्यटन (इको-टूरिज्म) और मंदिर-पर्यटन का विकास**

**†*359. श्री बलराम नाइक पोरिका:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा तेलंगाना में पारिस्थितिकी-पर्यटन और मंदिर-पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए की गई पहलों के साथ-साथ इसके लिए विशिष्ट कार्यक्रमों, निधियों के आवंटन और अवसंरचना विकास परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या पारिस्थितिकी-पर्यटन और मंदिर-पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्वदेश दर्शन/ तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रसाद) योजनाओं के अंतर्गत तेलंगाना में किन्हीं पर्यटन परिपथों की पहचान की गई है अथवा विकसित किया गया है;

(ग) यदि हां, तो इन परिपथों की अवस्थिति, प्रमुख आकर्षणों और विकास की वर्तमान स्थिति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) तेलंगाना में पारिस्थितिकी-पर्यटन और मंदिर-पर्यटन को बढ़ाने के लिए जिन अतिरिक्त उपायों की योजना बनाई गई है उनका ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

श्री बलराम नाइक पोरिका द्वारा तेलंगाना में पारिस्थितिकी-पर्यटन (इको-टूरिज्म) और मंदिर-पर्यटन का विकास के संबंध में दिनांक 18.08.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न सं. †*359 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

(क) से (घ): इको-पर्यटन और मंदिर पर्यटन सहित पर्यटक स्थलों और उत्पादों का विकास एवं संवर्धन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। मंत्रालय विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से तेलंगाना राज्य सहित देश के विभिन्न पर्यटन उत्पादों का विकास एवं संवर्धन करके राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रयासों को संपूरित करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)', स्वदेश दर्शन (एसडी), स्वदेश दर्शन 2.0 योजना की संशोधित योजना और चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) नामक अपनी चल रही योजनाओं के माध्यम से तेलंगाना में इको-पर्यटन और मंदिर पर्यटन के संवर्धन हेतु विभिन्न अवसंरचना विकास संबंधी परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसका विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

इसके अलावा, भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना 2024-25' (एसएएससीआई) के तहत तेलंगाना राज्य में आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 73.74 करोड़ रुपये की 'रामप्पा में रामप्पा क्षेत्र स्थायी पर्यटन परिपथ' और 68.10 करोड़ रुपये की 'नल्लामाला में सोमासिला निरोगता और आध्यात्मिक आश्रय-स्थल' नामक दो परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

पर्यटन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्रस्तावों की प्राप्ति एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशानिर्देशों के संदर्भ में जाँच की जाती है और निर्धारित शर्तों की पूर्ति तथा निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

इसके अतिरिक्त, पर्यटन मंत्रालय अपने सतत प्रयासों के भाग के रूप में तेलंगाना में इको-पर्यटन और मंदिर पर्यटन सहित देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों को आयोजनों, वेबसाइट, सोशल मीडिया प्रचार, मेलों और महोत्सवों आदि जैसी संवर्धनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बढ़ावा देता है।

*****

**अनुबंध**

श्री बलराम नाइक पोरिका द्वारा तेलंगाना में पारिस्थितिकी-पर्यटन (इको-टूरिज्म) और मंदिर-पर्यटन का विकास के संबंध में दिनांक 18.08.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न सं. †*359 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**तेलंगाना में विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत धार्मिक परियोजनाओं की सूची:**

| क्र. सं. | योजना | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | निर्मुक्त राशि (करोड़ रु. में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रशाद | 2020-21 | जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास | 38.90 | 33.07 | भौतिक रूप से पूर्ण |
| 2. | | 2022-23 | रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर, मुलुगु में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास | 62.00 | 32.73 | जारी है |
| 3. | | 2022-23 | भद्राचलम, भद्राद्रि, कोठागुडेम जिले में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास | 41.38 | 8.43 | जारी है |
| 4. | | 2024-25 | देवी रेणुका येलम्मा देवस्थानम, बालकम्पेट, हैदराबाद में विकास | 4.22 | 0 | जारी है |
| 5. | सीबीडीडी | 2024-25 | नलगोंडा में भुद्धवनम में डिजिटल अनुभव केंद्र | 24.84 | 2.48 | जारी है |
| **कुल** | | | | **171.34** | **76.71** | |

**तेलंगाना में विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत इको-पर्यटन परियोजनाओं की सूची:**

**(करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | योजना | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | निर्मुक्त राशि | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्वदेश दर्शन (एसडी) | 2015-16 | महबूबनगर जिले में इको पर्यटन परिपथ का विकास | 91.62 | 91.25 | भौतिक रूप से पूर्ण |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2. | एसडी 2.0 | 2024-25 | गंतव्य-अनंतगिरि एक्सपीरियंस का नाम: अनंतगिरि वन में इको पर्यटन क्षेत्र | 38.00 | 3.80 | जारी है |
| 3. | सीबीडीडी | 2024-25 | निज़ाम सागर, कामारेड्डी में इको-पर्यटन परियोजना का विकास | 9.97 | 0.99 | जारी है |
| **कुल** | | | | **139.59** | **96.04** | |

*****